प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

## ऑपरेशन सिंदूर

केंन्द्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के विरूद्ध भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रही है। ये प्रतिनिधिमंडल इस महीने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों और अन्य प्रमुख देशों की यात्रा पर जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनेता और प्रबुद्ध राजनयिक शामिल होंगे।

## तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान में देश भर में भाजपा की तिरंगा यात्रा जारी है। इसी कड़ी में कल हमीरपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें भाजपा नेताओं सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने तिरंगा यात्रा में विशेष रूप से भाग लिया। यात्रा के दौरान लोगों ने भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए जिससे सारा वातावरण गूंज उठा। सिकंदर कुमार ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के खिलाफ की गई कार्रवाई से पूरा देश खुश है और दुनिया भर में भारतीय सेना के पराक्रम को देखा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने चंद मिनटों में पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया जो अपने आप में अभूतपूर्व है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू  में कल देर सांय वन विकास निगम की मूल्य निर्धारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निगम को निजी ठेकेदारों को काम पर रखने की वर्तमान प्रथा को समाप्त कर, स्वयं साइडर वुड स्टंप निकालने का कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने लगभग 10 हजार साइडर वुड स्टंप निकालने के लिए रोडमैप तैयार करने को कहा। निगम ने खैर और साल वृक्षों की सिल्वीकल्चर कटाई से राजस्व के रूप में प्राप्त रॉयल्टी का 41 करोड़ 30 लाख रुपये का चेक भी मुख्यमंत्री को भेंट किया। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति से की गई यह कटाई न केवल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए लाभकारी रही है, बल्कि राज्य के राजस्व में भी योगदान दे रही है। मुख्यमंत्री ने वन विभाग को गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए त्वरित और प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

परिसीमन

चंबा जिला परिषद व पंचायत समिति वार्डों के परिसीमन को लेकर दायर आपत्तियों की सुनवाई कल चम्बा में की गई। इस दौरान विभिन्न जिला परिषद सदस्यों सहित व पंचायत समिति सदस्यों ने उपायुक्त के समक्ष अपने मत रखे और परिसीमन पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया।

जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने कहा कि परिसीमन के तहत उनका बखतपुर वार्ड खत्म कर दिया गया और उनके वार्ड की कई पंचायतें अन्य वार्डों में शामिल कर दी गई हैं।

*देखिए जो कोलका और जटकरी है अब सोनारावाड में इसको जो इस तरह से किया गया था और जो कुछ पंचायते थी वो करियां वार्ड में कर दी गई थी। यो तो सिर्फ एक तरफ से ही मर्ज करना था तो सिर्फ एक तरफ से ही रखा जाता । अब जटकरी और कोलका पंचायत की जो समिति है जो कि हमारा जैसे 1994 के एक्ट में भी एक बात है जो भी समिति होती है जब भी परिसीमांकन होता है उसको इकाई मानते हुए निर्धारण किया जाता है बार्ड की सीमाओं का अब जडकरी पंचायत हमारी जा रही है सुनारा और बड़िया पंचायत अब जा रही है करियां वार्ड में, अब सेम जो सिटुवेशन है जो कोलका और कुपाड़ा के साथ क्योंकि करियां में तो जस्टीफिकेशन जो है वो भी रूल के आधार पर भी यहां थोड़ा पर कुछ आप्पति थी वो हमने बताया था और हम यही उम्मीद करेंगे की प्रशासन से कि प्रशासन इसका परिसीमांकन करे और दोबारा इसका अवलोकन करके इसका ज्योग्राफिकल एज वैल एज जो पॉपूलेशन के आधार पर इसको दोबारा देखकर इस पर निर्णय इसपर किया जाये।*

वहीं इस सुनवाई के उपरांत उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार 31 मई से पूर्व जिला परिषद और पंचायत समिति वार्डों के परिसीमन की अधिसूचना जारी होनी है।

*जो हमने इनिशियल नोटिफिकेशन जारी किया था। उसके अर्न्तगत जो भी ऑब्जेक्शन आए थे उसमें एक मौका दिया गया था सभी लोगों को अपना पक्ष रखने का । जो इसके अन्दर कुछ ऑब्जेक्शनज है हम उनको एक्जामिन करके उनके बेसिज पर डिसीजन लेकर एक वैल रिजंड ऑर्डर के बाद हम लोग जो फाईनल परिसीमन की जो अधिसूचना है वो जारी करेंगे। इसमें अभी 5 से 7 दिन का जो समय है वो और लगेगा।*

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाये हुए है। हालांकि प्रदेश के किन्नौर व चंबा में मौसम साफ बना हुआ है। ऊना में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है जिससे लोगों को चिलचिलाती गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आज से मौसम में बदलाव का अनुमान व्यक्त किया है। कल से प्रदेश के कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से......

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के 12वीं कक्षा के नतीजों से जुड़ी खबर को अधिकतर समाचार पत्रों ने प्रमुखता लिए हुए हैं। अमर उजाला की सुर्खी है–**हिमाचल बोर्ड की 12वीं के तीनों संकायों में बेटियों का जलावा, महक ओवरऑल टॉपर**। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं– **बेटियों का जलवा बरकरार–ऊना**

की महक ओवरऑल टॉपर। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है– 12वीं में 83 दशमलव एक छः फीसदी छात्र पास।

दैनिक जागरण मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– वन निगम में ठेकेदारों को काम देने की प्रथा होगी समाप्त।

रोहतांग दर्रा बहाल, पहले दिन 8 सौ वाहनों में पर्यटक रोहतांग पहुंचे आपका फैसला की एक खबर है।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–आज से बदलेगा मौसम ओलावृष्टि व बिजली की चेतावनी।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे। नमस्कार।